ले ज गुरमीत सिंह
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम (से नि)
राज्यपाल/कुलाधिपति,
सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।

सत्यमेव जयते

लोक भवन,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

संख्या : 5109 /जी0एस0(शिक्षा)/C16-1/2020
देहरादून : दिनांक 22 सितम्बर, 2026

## : आदेश :

सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के वर्तमान कुलपति प्रो0 सतपाल सिंह बिष्ट का कुलपति पद का तीन वर्ष का कार्यकाल दिनांक 21 सितम्बर, 2026 को पूर्ण हो गया है, और यह भी कि सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अधिनियम–2019 की धारा–10 की उपधारा–(1) और (3) में विद्यमान व्यवस्था के अन्तर्गत कुलपति पद को तुरन्त भरा जाना सम्भव नहीं है।

एतद्द्वारा, उपरोक्त वस्तुस्थिति के दृष्टिगत सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अधिनियम–2019 की धारा–10 की उपधारा–7 में निहित अन्तरिम व्यवस्था के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत संस्तुति के क्रम में **प्रो0 प्रवीण सिंह बिष्ट, विभागाध्यक्ष, भौतिक विज्ञान विभाग,** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा को दिनांक 22 सितम्बर, 2026 से छः माह की अवधि, नियमित कुलपति की नियुक्ति अथवा अग्रेत्तर आदेश, जो भी पहले हो, तक के लिए सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर अस्थायी रुप से नियुक्त किया जाता है।

ह0/-
( ले ज गुरमीत सिंह ).
कुलाधिपति।

संख्या : (1)/जी0एस0(शिक्षा)/C16-1/2020 तददिनांकित।

**प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित :**

1. मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
2. सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड शासन ।
3. सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन।
4. सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली।
5. महालेखाकार, उत्तराखण्ड देहरादून।
6. प्रो0 सतपाल सिंह बिष्ट, निवर्तमान कुलपति, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।
7. प्रो0 प्रवीण सिंह बिष्ट, विभागाध्यक्ष–भौतिक विज्ञान विभाग, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।
8. कुलसचिव, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।
9. निदेशक, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी (नैनीताल)।
10. कम्प्यूटर प्रकोष्ठ/गार्ड फाईल।

*आज्ञा से,*

Digitally signed by
RAVINATH RAMAN
Date: 22-09-2026
19:40:42

( रविनाथ रामन )
कुलाधिपति के सचिव।



File No. RB-EDUC02/53/2026-RAJBHAWAN (Computer No. 1962)